Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क


ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-270 सागवाड़ा, मंगलवार, 21 जून, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)







## योग दिवस- अधिकारियों से लेकर नेताओ और बच्चों ने किया योग

**डूंगरपुर।** 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में बच्चो से लेकर बूढ़े, अफसर से लेकर नेता और महिलाओं ने योग किया। योग के फायदे बताए और सभी लोगो को रोजाना योग करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह शहर के लक्ष्मण मैदान में हुआ। जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में एडीएम हेमेंद्र नागर, सीईओ दीपेंद्रसिंह, एएसपी अनिल मीणा सभापति अमृत कलासुआ समेत कई अधिकारी, कर्मचारी और बच्चे शामिल हुए। योग प्रशिक्षक की और से प्राणायाम, सूर्य नमस्कार समेत कई तरह के योग करवाए गए।

वही योग प्रशिक्षक ने सभी योग से व्यक्ति को होने वाले फायदे भी बताए। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने बताया की योग से जिंदगी को स्वस्थ और तंदुरस्त बनाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग करने की सीख दी। वही डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ महेश पुकार, योग प्रशिक्षक प्रभु पांडे की ओर से योग करवाया गया। इसमें डॉक्टर और एमबीबीएस स्टूडेंट शामिल हुए।

सागवाड़ा नगर के महिपाल खेल मैदान में राजकीय आयुर्वेद विभाग व पतंजलि योग समिति की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। तहसीलदार मयूर शर्मा, योग शिक्षक अनिल वाड़ेल, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ ललित स्वर्णकार, नगीन जैन, सीबीईओ भेमजी खांट, प्रधान ईश्वर लाल सरपोटा भगवान धन्वंतरि की तस्वीर पर माल्यार्पण कर योग दिवस का शुभारंभ किया। इस दौरान गायत्री परिवार के भूपेंद्र पंड्या ने योग का जीवन मे महत्व व योग क्रियाओं से शारीरिक व मानसिक लाभ के बारे में जानकारी दी। योग प्रशिक्षक अनिल वाड़ेल ने मिनट मिनट विभिन्न योगाभ्यास कराया गया।



## लोकतंत्र खतरे में है: गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाराष्ट्र में चल रही सियासी उठापटक के बहाने एक बार फिर सियासी संकट को याद करते हुए बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा- राजस्थान में 10-10 करोड़ रुपए तो बंट चुके थे। पता नहीं क्या हुआ बाद में फिर। मुझे गर्व है ये कहते हुए कि राजस्थान के हमारे विधायक 34 दिन तक मेरे साथ रहे। अंदर थे, कुछ नहीं मिला। बाहर निकलते ही 10 करोड़ रुपए की ऑफर थी पहली किस्त। तब भी कोई नहीं गया। अभी राज्यसभा चुनाव के अंदर भी आपने देखा कि तीनों सीटें हम जीते हैं। मंगलवार को दिल्ली में मीडिया से मुखातिब गहलोत ने कहा- हम जो बार-बार कह रहे हैं कि संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं, लोकतंत्र खतरे में है। इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि मध्य प्रदेश की सरकार कब्जा कर लिया। एक-एक MLA से 35-35 करोड़ रुपए का हम सुनते हैं। एक-एक विधायक से 25 करोड़ रुपए, 30 करोड़ रुपए, 35 करोड़ रुपए के सौदे हुए। हर राज्य की अलग-अलग परिस्थितियां होती हैं। वो एक नया प्रयोग था उनका। उसमें उन्होंने कामयाबी हासिल कर ली। मध्य प्रदेश में इन्होंने जो कुकर्म किया, उसको हम समझ गए थे टाइमली। हमने पूरा उसी ढंग से बिहेव किया। उसके बाद में हम कामयाब हो गए।

गहलोत ने कहा- महाराष्ट्र के अंदर जो षड्यंत्र किया गया, मैं सुन रहा हूं। विधायकों को सूरत लेकर चले गए हैं। आप सोच लीजिए कि ये गवर्नेंस कर रहे हैं क्या देश के अंदर? अब महाराष्ट्र का देखिए आप। पता नहीं। मालूम करेंगे कि क्या हो रहा है वहां पर।

## ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल गुणवत्ता की जांच महिलाओं के जिम्मे



**सागवाड़ा।** भारत सरकार के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत फिल्ड टेस्ट कीट के माध्यम से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों की ग्राम जल स्वच्छता समिति सदस्यों को पेयजल गुणवत्ता की जांच का प्रशिक्षण प्रदान गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सागवाडा पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुआ जिसमें प्रतिदिन छ: ग्राम पंचायतों के ग्राम स्वच्छता समिति के सदस्य जिसमे प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, महिला शिक्षिका तथा ग्राम विकास अधिकारीयों ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण एवं पेयजल गुणवत्ता की जांच हेतु फिल्ड टेस्ट कीट प्राप्त किये। प्रशिक्षण के अन्तिम दिन मंगलवार को वमासा, वणोरी, वरदा, विराट तथा वरसिंगपुर ग्राम पंचायतों के प्रतिभागियों ने उपस्थित होकर फिल्ड टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

सागवाडा मे 12 से 21 जून तक प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण देकर पेयजल गुणवत्ता की जांच हेतु फिल्ड टेस्ट कीट वितरित किये। अन्तिम प्रशिक्षण पर जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता जगदीश पाटीदार ने भारत सरकार के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । पंकज डामोर व जिला प्रयोगशाला डुंगरपुर के वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक प्रकाश चन्द्र दायमा ने पेयजल की शुद्धता के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुये प्रतिभागियों को अपने क्षेत्र के पेयजल नमूनों को फिल्ड टेस्ट किट के माध्यम से रासायनिक, जीवाणु एवं भौतिक जांच करने का प्रशिक्षण प्रदान किया एवं उपस्थित प्रतिभागियों को जल नमूनों की जांच करना सिखाया।

वाटर क्वालिटी के जिला कॉर्डिनेटर शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों का उनके मोबाइल से जल जीवन मिशन एप डाउनलोड करा कर रजिस्ट्रेशन कराया एवं फिल्ड टेस्ट किट के माध्यम से जांचे गये जल नमूनों के आंकडे ऑनलाईन करने की जानकारी प्रदान की गई ।

## पूर्व सांसद भगोरा और पूर्व विधायक बामणिया पर सागवाड़ा के भूमाफियाओं से सांठगांठ का आरोप

### नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने कहा पालिका चुनाव में दोनों नेता कांग्रेस को हराने में लगे हुए थे

**सागवाड़ा।** नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया एवं उपाध्यक्ष राजू शेख़ सहित कांग्रेस पार्षदों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सांसद ताराचंद भगोरा एवं पूर्व विधायक सुरेंद्र बामनिया द्वारा नगर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से सांठगांठ के आरोपो को नकारते हुए कहा है ये दोनों नेता सागवाड़ा के ही दो तथाकथित भूमाफिया कांग्रेस नेताओं के इशारे पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं । पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि पूरे नगर पालिका चुनाव मे पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा तथा पूर्व विधायक बामणिया और उनके समर्थक कांग्रेस के पार्षदों को चुनाव हराने में लगे हुए थे। कांग्रेस बोर्ड वर्तमान में विकास का काम कर रही है तो भगोरा और बामनिया नगर के दो बड़े भूमाफिया नेताओं को इशारे पर काम कर रहे हैं । नगर के भूमाफ़ियाओ नेताओं ने पिछले वर्षो में पार्षद रहते हुए भाजपा से सांठगांठ कर कच्ची बस्ती के तहत अपने परिजनों के नाम से हजारों वर्ग फिट जमीन के पट्टे ले लिए। अभी भी 6 बीघा बेशकीमती जमीन जिसकी कीमत करोड़ों रुपया है उसे हड़पना चाहते हैं। इसलिए यह दोनों भूमाफिया नेता सक्रिय होकर भगोरा व बामणिया को डूंगरपुर से जयपुर के बीच नचा रहे तथा अपना स्वार्थ पूरा करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस तक करवा रहे हैं।भगोरा और बामणिया को दिल्ली जयपुर तक लाने ले जाने का सारा पैसा यह दोनों भूमाफिया उपलब्ध करवा रहे हैं जबकि सागवाड़ा के विकास कार्यो में नगर का कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट कार्य कर रहा है लेकिन ये दोनों नेता अपनी खुन्नस निकालने के लिए अनर्गल आरोप लगा रहे हैं।

### सांसद कटारा विकास कार्यों में लगा रहे अडंगा

सागवाड़ा में कई योजनाओं पर कार्य चल रहा है। इस विकास की गति को देखते हुए आज पूरी भाजपा और सांसद कनकमल कटारा सभी विकास कार्यों में अडंगा लगाकर विरोध तथा आंदोलन कर रहे हैं। और इन्हीं की तर्ज पर पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया बोलकर नगरपालिका का ही विरोध कर रहे हैं। नगर पालिका भवन के खिलाफ भाजपा के लोग न्यायालय से स्टे ले कर आए हैं कई विकास कार्यों को रोकने का कार्य कर रहे हैं तब ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं को चाहिए था कि कांग्रेस बोर्ड के विकास कार्यों को समर्थन करें।

## डूंगरपुर में 115 तालाब बनेंगे अमृत सरोवर, मनरेगा योजना में सुद्रढीकरण व सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 6 करोड़ रुपए

**डूंगरपुर।** जिले में पंचायतीराज विभाग के अधीन 115 तालाब अब अमृत सरोवर बनेंगे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महात्मा गांधी नरेगा योजना में इन तालाबो का सुद्रढीकरण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसमे 6 करोड़ से अधिक का बजट खर्च किया जाएगा। इधर इन तालाबो के अमृत सरोवर बनने से जल संरक्षण के साथ स्थानीय लोगो को लाभ भी मिलेगा। डूंगरपुर जिले जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठोड ने बताया की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अमृत सरोवर योजना में पूरे देश में 15 जिलो का चयन किया गया है। इन 15 जिलो में डूंगरपुर जिला भी शामिल है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठोड ने बताया अमृत सरोवर योजना में डूंगरपुर जिले की विभिन्न पंचायतो के 115 तालाबो का चयन किया गया है। उन्होंने बताया की महात्मा गांधी योजना के अंतर्गत इन तालाबो को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा। जिसके तहत इन तालाबो का संरक्षण, सुद्रढीकरण व सौंदर्यीकरण करते हुए मोडल तालाब बनाया जाएगा। जिसमे तालाबो पर घाटो का निर्माण, तालाबो के पानी को सहेजना का काम प्रमुखता से किया जाएगा। ताकि गर्मी के मौसम में तालाब की कमी न हो और तालाब में पानी होने से वाटर लेवल भी बढेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठोड ने बताया इन तालाबो को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने के लिए मनरेगा योजना में 6 करोड़ 2 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा।

बहराल अमृत सरोवर योजना में डूंगरपुर ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने कुल 115 तालाबो को अमृत सरोवर बनाने की स्वीकृति जारी कर दी है। वही कई तालाबो में काम शुरू करने के लिए मस्टरोल भी जारी कर दिए है। इधर योजना के तहत काम पूरा होने के बाद जहा तालाबो की दशा सुधरेगी वही जल संरक्षण की दिशा में भी बेहतर परिणाम आयेंगे।

### इन ब्लॉक्स में इतने बनेंगे अमृत सरोवर

| ब्लाक | मृत सरोवर |
|---|---|
| झोथरी | 5 |
| बिछीवाडा | 15 |
| चिखली | 20 |
| सीमलवाडा | 21 |
| साबला | 5 |
| सागवाडा | 9 |
| डूंगरपुर | 1 |
| दोवडा | 15 |
| आसपुर | 8 |
| गलियाकोट | 10 |
| कुल | 115 |

## शादी के दिन पहले लापता हुई बेटी, पिता ने प्रेमी पर लगाया भगा ले जाने का आरोप, धम्बोला थाने में दी रिपोर्ट

**चौरासी।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में आज एक युवती की शादी होनी थी लेकिन युवती शादी के ठीक एक दिन पहले घर से लापता हो गई। इधर युवती के पिता ने धम्बोला थाने में रिपोर्ट दी है। जिसमे पिता ने उसके प्रेमी द्वारा भगा ले जाने के आरोप लगाए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के धम्बोला गाँव में शादी के एक दिन पहले युवती के गायब हो जाने का मामला सामने आया है। धम्बोला निवासी युवती के पिता भूरालाल यादव ने धम्बोला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में भूरालाल यादव ने बताया की उसकी बेटी वंदना यादव की आज शादी थी। कल सुबह करीब 8 बजे के आसपास कोई सामान लेने वंदना घर से बाजार जाने के लिए निकली थी। इसके बाद वंदना यादव वापस घर नहीं लौटी। इधर काफी देर तक वंदना के घर नहीं लौटने पर युवती के घर वाले काफी घबरा गए। इसके बाद युवती के परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर युवती के परिजनों को युवती के प्रेमी धम्बोला निवासी चिराग पंड्या पर संदेह हुआ तो परिजनों ने चिराग पंड्या के घर पर जाकर तलाश की। परिजनों को पता चला की चिराग पंड्या भी घर से गायब है। जिस पर युवती की पिता भूरालाल यादव धम्बोला थाना पहुंचे और थाने में अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दी।

## गोविंद गुरु के शिष्यों का धर्म के लिए बलिदान युगो तक याद रखा जाएगा - विकास राज

### 3 जुलाई को मानगढ़ धाम संदेश यात्रा, संघ के अखिल भारतीय सदस्य इंद्रेश कुमार सभा को संबोधित करेंगे



**सागवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विकास राज भाई ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद एवं इसके सम वैचारिक संगठनों के पदाधिकारियों की समन्वय बैठक को संबोधित करते हुए कहां कि गोविन्द गुरु ने संप सभा के माध्यम से जनजाति समाज को संगठित करने का कार्य किया तथा धर्म के संरक्षण के लिये जगह जगह धर्म सभाओं के माध्यम से अपने उपदेश दिए। प्रत्येक गांव, धाणियों में धुणियां जाग्रत कर धर्म का प्रचार करने वाले गोविंद गुरु के 1500 से अधिक भक्तों पर मानगढ़ की पहाड़ी पर निहत्थे भक्तो पर अंग्रेजों द्वारा बंदूक की गोलियां चलाकर नरसंहार किया गया यह देश और दुनिया का सबसे बड़ा नरसंहार था। उसी मानगढ़ धाम की पहाड़ी पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मानगढ़ धाम संदेश यात्रा एवं धर्म सभा समिति द्वारा 3 जुलाई को विशाल वाहन रैली एवं धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। जिससे नई युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का भाव जागरण होगा। न्होंने बताया कि बांसवाड़ा विभाग से 7500 दो पहिया वाहनों से अपने-अपने स्थानों से मानगढ़ धाम कार्यकर्ता पहुंचेंगे तथा वहां पर 12:00 बजे विराट धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा जिसके मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार संबोधित करेंगे। इस धर्म सभा में क्षेत्र के समस्त संत, महंत भी उपस्थित रहेंगे।

विश्व हिंदू परिषद के विभाग सह मंत्री नरेंद्र कुमार भगत ने भी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक का संचालन मानगढ़ धाम संदेश यात्रा समिति के सहसंयोजक विष्णु बुनकर ने किया। इस बैठक में राजनीतिक क्षेत्र से सांसद कनकमल कटारा, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, गढी विधायक कैलाश मीणा, आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा, सागवाड़ा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, गलियाकोट प्रधान जय प्रकाश पारगी, पूर्व प्रधान शंकरलाल डेचा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश पाटीदार, कांतिलाल डामोर, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अमृत लाल पाटीदार, सागवाड़ा नगर पालिका के प्रतिपक्ष के नेता हरीश सोमपुरा, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के देवीलाल पाटीदार, विद्या भारती से मंगलेश वाडेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख दिनेश व्यास, नगीन सोमपुरा, जितेंद्र जोशी , किसान संघ के दिनेश पाटीदार, वनवासी कल्याण परिषद के रमण अहारी , हरीश मीणा सहित हिंदू जागरण मंच, अखिल भारतीय मजदूर संघ, अधिवक्ता परिषद, साहित्य परिषद, विद्या भारती जनजाति शिक्षा जैसे अनेक समवैचारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अहमदाबाद से आ रही बस पर पथराव, ड्राइवर के सीने पर लगा पत्थर

### घायल होने के बाद भी बस को संभाला, शीशे फूटे, शंकर घाटी में घटना

**डूंगरपुर।** सागवाड़ा रोड़ पर शंकर घाटी में रात के अंधेरे में वाहनों पर पथराव को घटनाए बढ़ रही है। सोमवार आधी रात को बदमाशों ने अहमदाबाद से आ रही बस पर पथराव किया। बस के शीशे फूट गए एक पत्थर ड्राइवर को भी लगा और घायल होने के बाद भी चालाकी से बस को संभाला। ड्राइवर की ओर से वरदा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वरदा थाना क्षेत्र में शंकर घाटी में सोमवार रात करीब 2 बजे पथराव की घटना हुई। शंकर घाटी, सरकन घाटी, हीराता के पास आए दिन वाहनों पर पथराव की घटनाएं हो रही है। प्राइवेट बस एसोसिऐशन के अध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार ने बताया की अनिता माया ट्रेवल्स की एक बस राय को अहमदाबाद से सागवाड़ा, बांसवाड़ा की ओर जा रही थी। रात करीब 2 बजे बस शंकर घाटी के पास पहुंची। उसी समय एक बाइक पर आए तीन बदमाशो ने बस पर पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से बस के आगे का शीशा फूट गया। वही एक पत्थर बस के ड्राइवर ईश्वरलाल को लगा, जिससे वह घायल हो गया। लेकिन ईश्वरलाल ने हिम्मत दिखाकर बस को संभाला और सीधे वरदा थाने लेकर गया। ड्राइवर ने मामले में अज्ञात बदमाशो के खिलाफ पथराव करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। घटना के वक्त बस में 25 के करीब सवारिया बैठी हुई थी। हालाकि पथराव में कोई भी यात्री को चोंट नहीं आई है। वल्लभराम पाटीदार ने कहा की 12 जून को भी इसी जगह पर जयपुर जाने वाली बस पर भी पथराव हुआ था।